हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, मंगलवार, 25 फरवरी 2025



## 'स्वरचैतन्य डॉ. मिलिंद इंदुरकर के शास्त्रीय गायन से श्रोता मंत्रमुग्ध'

**नागपुर.** 14 को शाम 7 बजे अमेयदालन विदर्भ साहित्य संघ के सांस्कृतिक संकुल चौथा माला झाँसी राणी चौक, सीताबर्डी, नागपूर के हॉल में विदर्भ साहित्य संघ और स्वानंदी संस्था के संयुक्त प्रस्तुती करण मासीक बैठक में स्वरचैतन्य डॉ . मिलिंद इंदूरकरजी का शास्त्रीय व उपशास्त्रीय गायन प्रस्तुत हुआ. स्वानंदी संस्था की अध्यक्ष डॉ. सुजाता व्यासजी ने स्वरचैतन्य डॉ. मिलिंद इंदूरकरजी का सत्कार स्वागत और संक्षिप्त परिचय रसिक श्रोताओं के सन्मुख किया. और उसके पश्चात स्वरचैतन्य डॉ. मिलिंद इंदूरकरजी का शास्त्रीय गायन प्रस्तुत हुआ । डॉ. मिलिंद इंदूरकर ने अपने शास्त्रीय गायन में राग मधुवंती में बडाख्याल विलंबित एकताल में निबद्ध - 'तोरे गुन गाऊँ एरी सखी', और छोटाख्याल मध्य दृत तीनताल में - 'उनसो मोरी लगन लागी रे', राग हंसध्वनी में - छोटाख्याल विलंबित मध्य और मध्यदृत में 'लागी लगन सखी पती सन' प्रस्तुत किया. उसके पश्चात राग मिश्रकाफी मे 'होरी' - कैसी मचाई होरी, प्रस्तुत की, और भजन में 'घेई माझे वाचे गोड नाम विठोबाचे' प्रस्तुत किया, और कार्यक्रम के अंत मे राग बिंद्राबनी सारंग - मल्हार मे हरीम्हणा तुम्ही गोविंद म्हणा ये सुप्रसिद्ध भजन प्रस्तुत किया. इस अंतिम भजन में डॉ . मिलिंद इंदूरकर की बेटी कु. इंद्राणी इंदूरकर ने उनको गायनकी साथ दी, तबला संगत राम ढोक ने अच्छी की, और संदीप गुरमुले ने संवादिनी संगत बहुत ही सुंदर ढंग से की. स्वरचैतन्य डॉ. मिलिंद इंदरकर ने अपने सुंदर और भरदार रंगतदार गायकी से सभी रसिक श्रोताओं का मन मोह लिया । डॉ. मिलिंद इंदूरकरजी ने अपनी गायन शिक्षा उनके बडे भाई पं. जयवंतराव इंदूरकर और डॉ. सतीश इंदूरकरजीसे सीख रहें है । और डॉ. नारायणराव मंगरूळकर जी के मार्गदर्शन में डॉ. मिलिंद इंदूरकर ने राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर युनिव्हर्सिटी नागपूर की भारतीय शास्त्रीय संगीत विषय में पी.एच्. डी. हासील की है, इस संगीत कार्यक्रम में रसिक श्रोताओं ने, संगीत के जानकारों और मान्यवरो ने अपनी उपस्थिती से कार्यक्रम की शोभा बढाई.

# कैमिट ने किया नगरपालिकाओं में एलबीटी विभाग बंद करने के फैसले का स्वागत

**नागपुर.** चैंबर ऑफ एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड (कैमिट) ने महाराष्ट्र सरकार के 24 फरवरी, 2025 के निर्णय (सं. 0225/पत्र.सं.26/यूडी-32) का स्वागत किया है, जिसमें राज्य के सभी नगरपालिका क्षेत्रों में स्थानीय निकाय कर (एलबीटी) विभाग को बंद करने का निर्देश दिया गया है। कैमिट के अध्यक्ष डॉ. दीपेन अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय व्यापारियों और उद्योग क्षेत्र के लिए बड़ी राहत है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए

डॉ अग्रवाल ने कहा कि एलबीटी को सबसे पहले 2010 में कुछ नगरपालिका क्षेत्रों में और 2013 में नागपुर में लागू किया गया था, लेकिन इस कर प्रणाली का व्यापारी समुदाय ने कड़ा विरोध किया था. 31 जुलाई 2015 को 50 करोड़ रुपये से कम वार्षिक कारोबार वाले व्यवसायों के लिए एलबीटी को समाप्त कर दिया गया, और 1 जुलाई 2017 से इसे माल और सेवा कर (जीएसटी) के साथ मिला दिया गया।



हालाँकि, एलबीटी विभाग ने अपने अस्तित्व को उचित ठहराए बिना काम करना जारी रखा और अवैध कर निर्धारण प्रक्रिया जारी रखी। एलबीटी नियमों के अनुसार, कर निर्धारण केवल विशिष्ट परिस्थितियों में और वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पांच वर्ष के भीतर किया जा सकता है। हालाँकि, प्राधिकारियों ने नियमित करदाताओं के 100% कर निर्धारण की प्रक्रिया शुरू की, जो व्यापारियों के उत्पीड़न और शोषण का एक साधन बन गया। इसके अलावा पिछली तारीख से मूल्यांकन आदेश जारी करने के भी उदाहरण सामने आए, जिससे व्यापारियों में असंतोष और बढ़ गया। कैमिट ने लगातार विभिन्न स्तरों पर इस मुद्दे को उठाया और अंततः माननीय मुख्यमंत्री डॉ. देवेंद्र फडणवीस से सीधी चर्चा हुई। डॉ अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय कैमिट के लगातार प्रयासों और प्रभावी प्रस्तुति के कारण संभव हुआ। महाराष्ट्र के व्यापारिक समुदाय की ओर से आभार व्यक्त करते हुए डॉ. अग्रवाल ने सरकार के व्यापार-अनुकूल दृष्टिकोण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "व्यापार समुदाय सरकार के इस संवेदनशील और न्यायपूर्ण निर्णय के लिए आभारी है।" एलबीटी विभाग को बंद करने का निर्णय किसी एक समूह की जीत या हार का मामला नहीं है, बल्कि यह न्याय, समानता और व्यापार में आसानी के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का ठोस प्रमाण है। विशेष रूप से माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने व्यापारियों की मांगों को गंभीरता से लिया और यह निर्णय लेकर व्यापारी समुदाय को न्याय दिलाया। कैमिट महाराष्ट्र में उद्योग और व्यापार के सतत विकास तथा राज्य को व्यापार-अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगी।

## कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने 'छावा' फिल्म देखकर इतिहास को ताजा किया

**नागपुर.** स्वराज सांस्कृतिक मंडल व पर्यावरण विभाग नागपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी आज छावा फिल्म देखने पंचशील टॉकीज पहुंचे वहां सभी छावा फिल्म देखकर इतिहास को ताजा किया अपने स्वराज को हमारे छत्रपति संभाजी महाराज ने कैसे सुरक्षित रखा उसके लिए उन्हें अपना बलिदान तक देना पड़ा. स्वराज संस्था के पदाधिकारी ने यह प्रण लिया कि हमें अपने स्वराज को अपनी आजादी को संजोये रखना है, इस फिल्म मे विक्की कौशल ने बेहतरीन भुमिका निभाई हम निर्माता, निर्देशक कथालेखक को



बहुत बधाईयाँ देते है इस अवसर पर पंचशील टॉकीज के सामने शिव गर्जना की गई. मनोज गावंडे मनीष चांदेकर अध्यक्ष स्वराज संस्कृतिक मंडल व पर्यावरण विभाग के पार्थ कापसे अमेध भापकर अधिश भापकर विशाल इंगोले आनंद शाहु, सुभाष पेंढारकर, हर्श फटिन्ग कोमल विजय कुर्वंशी बाबूलाल साहू सोनू कुरवाने संदीप रामटेक, कुरवाने राजेंद्र जांगले किशोर गजभीये प्रभाकर काले मुकुंद घरत उपस्थित थे.

## जमीन विवाद में सलून चालक पर हमला

**नागपुर.** जमीन विवाद के चलते दो युवकों ने एक सलून चालक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना शनिवार दोपहर धंतोली क्षेत्र में स्थित एक सैलून में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जख्मी शेषराव इंगले (66) श्रीनगर के निवासी हैं और उनका स्कॉय मेन्स पार्लर नामक सैलून धंतोली के नियोगी अपार्टमेंट में स्थित है। आरोपी भूषण किशोर मुले (मनीष नगर) और यशवंत रामकृष्ण राउत (निर्मल नगरी, उमरेड रोड) हैं। बताया जा रहा है कि इंगले की उमरेड में जमीन थी, जिसे मार्च 2019 में उन्होंने उमेश ठाकरे और भूषण मुले को 36.75 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया था। इस सौदे में खरीदारों ने 10 लाख रुपये देकर करार किया, लेकिन बाद में बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। करार का उल्लंघन होने के कारण इंगले ने उक्त जमीन किसी और को बेच दी। शनिवार को भूषण और यशवंत इंगले के सैलून पहुंचे और इस जमीन सौदे को लेकर बहस करने लगे। बहस जल्द ही गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। इसी दौरान यशवंत ने स्टील की रॉड से हमला कर इंगले के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावर घटना के बाद फरार हो गए। घायल इंगले ने धंतोली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## बदल गए कार्यालय, जनता को जानकारी तक नहीं दी

**नागपुर.** सदर स्थित लोकनिर्माण विभाग क्रमांक 1 की नई इमारत निर्माण कार्य को आरंभ कर दिया गया है। नई इमारत के लिए पुराने दो उपविभाग कार्यालयों को स्थानांतरित किया गया है, लेकिन नियमों के तहत जनता को जानकारी तक नहीं दी गई है। इस मामले में अधीक्षक अभियंता भी मान रहे हैं कि नियमों के मुताबिक 1 माह तक सूचना फलक लगा कर जानकारी दी जानी चाहिए।

लोकनिर्माण विभाग को दो इमारतों के निर्माण कार्य के लिए हाल ही में राज्य सरकार से प्रशासकीय मंजूरी मिली है, इन इमारतों में कर्मचारियों के प्रशिक्षण केन्द्र और विभागीय कार्यालय का समावेश है। करीब 11 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से प्रशिक्षण केन्द्र इमारत निर्माण कार्य के लिए 20 सितंबर को एमए एसोसिएटस ठेका एजेंसी को 12 माह में निर्माण कार्य के लिए कार्यादेश दिया गया है, जबकि 15 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित तीन माले की विभागीय कार्यालय की इमारत में सभी प्रशासकीय कार्यालय होंगे। इस इमारत के लिए नक्शा तैयार करने समेत अन्य प्रक्रिया की जा रही है। विभागीय कार्यालय की इमारत के लिए सदर स्थित उपविभाग क्रमांक 3 और उपविभाग क्रमांक 4 को स्थानांतरित किया गया है। दोनों कार्यालयों के स्थानांतरण के लिए कोई भी जनसूचना तक नहीं जारी की गई है। ऐसे में दोनों कार्यालय में आने वाले नागरिकों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभिजीत कुचेवार, कार्यकारी अभियंता, लोकनिर्माण विभाग क्रमांक 1 के मुताबिक दोनों उपविभाग को अलग-अलग स्थानों पर वैकल्पिक जगह मुहैया कराई गई है। उपविभाग क्रमांक 3 को सीताबर्डी के इलाके में नार्मन स्कूल के बंगले और उपविभाग क्रमांक 4 को रविनगर की आवासीय कालोनी में जगह दी गई है। दोनों इमारतों की देखभाल और दुरुस्ती हमारे पास होने से विभागीय निवास आवंटन समिति से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। अधिकारियों को स्वच्छ जगह मुहैया कराने के लिए दुरुस्ती और मामूली जीर्णोद्धार की अनुमति दी गई है. जनार्दन भानुसे, अधीक्षक अभियंता, लोकनिर्माण विभाग के मुताबिक किसी भी सरकारी कार्यालय को स्थानांतरित करने के दौरान जनता को सूचना देना आवश्यक होता है।

## जड़ी-बूटी और तंत्र-मंत्र में उलझकर समय बर्बाद करते हैं मरीज: चावरे

**नागपुर.**

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल (मेडिकल) के मनोरोग विभाग में हर रोज मिर्गी के मरीज आते हैं। यहां की हर रोज की औसत ओपीडी 120 है। इनमें अलग-अलग मनोविकार से पीड़ित होते हैं। इनमें 16 फीसदी यानी 19 से अधिक मरीज मिर्गी की बीमारी से पीड़ित होते हैं। मरीजों में 40 फीसदी यानी 7 से अधिक मरीज ऐसे होते हैं, जो अपना समय व पैसा बर्बाद कर चुके होते हैं। यह मरीज जड़ी-बूटी व तंत्र-मंत्र के चक्कर में उलझे होते हैं। जब उन्हें लाभ नहीं होता तो परेशान होकर मेडिकल के मनोरोग विभाग में आते हैं। लंबा समय बीत जाने से बीमारी का प्रभाव भी बढ़ चुका होता है।

मिर्गी को घातक बीमारी माना जाता है। इस बीमारी के जब झटके आते हैं तो मरीज का शारीरिक व मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। वह होश खो देता है। उसका मस्तिष्क काम नहीं करता। इसलिए ऐसे मरीज के साथ हमेशा एक व्यक्ति को रहना पड़ता है। अधिकतर मरीजों को मिर्गी होने की जानकारी तक नहीं होती। झटके आने के बाद भी वह स्वयं को सामान्य मानता है। मनोरोग विभाग में भी ऐसे मरीजों की जांच करने पर रिपोर्ट सामान्य ही आती है। मेडिकल के मनोरोग विभाग की हर दिन की ओपीडी औसत 120 है। इनमें से 16 फीसदी यानि 19 से अधिक मरीज मिर्गी से पीड़ित होते हैं। मिर्गी के 16 फीसदी मरीजों में से 40 फीसदी मरीजों का उपचार अस्पतालों में काफी देर से शुरू होता है। इन मरीजों को जब मिर्गी के झटके आते हैं, तो शुरुआत में इसे सामान्य बात मानकर अनदेखी की जाती है। बार-बार जब झटके आते हैं, तो मरीज या उसके परिजन गंभीरता दिखाते हैं। उस समय उपचार के लिए कोई विकल्प तलाशते हैं। सबसे पहले अस्पताल जाने की बजाय लोगों की कही-सुनी या बताई बातों पर विश्वास कर जड़ी-बूटी से उपचार करने वालों के पास जाते हैं। कुछ मरीज तांत्रिक बाबाओं के पास जाते हैं। इस चक्कर में लाभ तो होता नहीं उलटा समय व पैसा बर्बाद हो जाता है। तब जाकर वे मनोरोग विशेषज्ञों के पास पहुंचते हैं। सर्जरी के मामले में मस्तिष्क के अन्य अंगों को नुकसान होने का जोखिम होता है। मिर्गी में मरीजों के लक्षण एक समान नहीं होते। मरीजों में भ्रम होना, अचेतावस्था में जाना, शरीर अनियंत्रित होना, अजीब हरकतें करना, डर या क्रोध की भावना पैदा होना, स्तब्ध हो जाना समेत अन्य प्रकार भी शामिल है। यह बीमारी अनुवांशिकता से होने का प्रमाण न के बराबर बताया गया है। गर्भ में भ्रूण विकास के दौरान मस्तिष्क में विकृतियां, मस्तिष्क में गंभीर चोट लगना, ब्रेन ट्यूमर या स्ट्रोक, मेनिनजाइटिस या एन्सेफलाइटिस संक्रमण, रक्त शर्करा में असंतुलन, न्यूरोट्रांसमीटर में असंतुलन, हार्मोनल परिवर्तन, दवाओं का साइड इफेक्ट आदि कारणों से मिर्गी के झटके आने की संभावना बनी रहती है।

## पुलिसकर्मी से मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

सिविल लाइंस स्थित खोखा कैफे के पास एक पुलिस कर्मी से मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। यह घटना रात 11:30 बजे की है, जब सदर थाने के बीट मार्शल पंकज नंदेश्वर और होमगार्ड रवि गश्त पर थे। कैफे के पास एक युवती को देर रात मैगी खाते देख पंकज ने उसे घर जाने की सलाह दी। इस पर युवती ने उनसे विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान स्वप्निल विष्णू कांबले और सागर मन्नूसिंह ठाकुर वहां पहुंचे और पंकज से बहस करने लगे। जब पंकज ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो दोनों ने युवती के साथ मिलकर पुलिस कर्मी के साथ मारपीट कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही सदर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी फरार हो गए। पंकज की शिकायत पर पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और मारपीट करने का मामला दर्ज किया। जांच के बाद स्वप्निल और सागर को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि युवती की भूमिका की जांच जारी है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, 10 महीने के मासूम की मौत

नागपुर. शांतिनगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 10 महीने के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। फरियादी शेख मुस्ताक शेख मोईन (33) माजरी, भिल गाँव निवासी अपनी पत्नी मुस्कान अंजुम, 7 वर्षीय बेटे मिर्जान शेख और 10 महीने के बेटे मुनाहीद शेख के साथ अपने ससुराल, हातीम अपार्टमेंट, शांतिनगर गए थे। शनिवार रात लगभग 11:30 बजे, जब वे घर लौट रहे थे, तभी दही बाजार पुल से तेज रफ्तार में आ रही काले रंग की अज्ञात चारपहिया गाड़ी ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। हादसे में मुनाहीद शेख और उसकी मां मुस्कान अंजुम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें इलाज के लिए मेयो हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने 10 महीने के मुनाहीद को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उसकी मां का इलाज जारी है। फरियादी की शिकायत पर शांतीनगर पुलिस ने धारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।





## छत्रपति शिवाजी जयंती पर रक्तदान शिविर

**नागपुर.**

छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर 21 फरवरी 2025 को कमिंस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नागपुर की एनएसएस इकाई के अंतर्गत रेड रिबन क्लब द्वारा "ब्लूम ब्लड-2025" रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को रक्तदान करने तथा समाजसेवा के माध्यम से जीवन बचाने के पवित्र कार्य में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना था। शिविर का उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य डॉ. यह मिलिंद खानपुरकर ने किया. उनके साथ प्रतिष्ठित संकाय सदस्य और संबद्ध रक्त बैंकों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। अपने उद्घाटन भाषण में प्रधानाचार्य ने रक्तदान के महत्व को समझाया तथा विद्यार्थियों को ऐसी जीवनरक्षक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह रक्तदान शिविर स्थानीय मान्यताप्राप्त ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों, प्रोफेसरों और कॉलेज स्टाफ सहित कुल 24 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। प्रत्येक रक्तदाता को प्रशंसा प्रमाणपत्र और जलपान दिया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों और आयोजन समिति ने रक्तदाताओं का मार्गदर्शन कर सम्पूर्ण प्रबंधन कुशलतापूर्वक संभाला। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानपुरकर ने एनएसएस टीम के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें इस सामाजिक और मानवीय पहल के लिए बधाई दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नेहा उत्तरवार और स्वयंसेवकों की एक टीम ने इस पहल को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

## स्कूल बस की टक्कर में हुआ घायल, हालत स्थिर

**नागपुर.** स्कूल बस का इंतजार कर रहे 6 वर्षीय छात्र को दूसरी तेज रफ्तार स्कूल बस ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। यह घटना आज सुबह 9:30 बजे हिंगणा-कवडस मार्ग पर एरणगांव बस स्टॉप के पास हुई। घायल छात्र की पहचान जगत नरेश चव्हाण (6) निवासी एरणगांव के रूप में हुई है। वह बाजारगांव स्थित एस. एम. स्कूल में पहली कक्षा का छात्र है। रोज की तरह वह अपनी स्कूल बस का इंतजार कर रहा था, तभी नागपुर की ओर से आ रही स्कूल बस (एमएच 40 वाय 7077) को देखकर उसने उसे अपनी बस समझ लिया और दौड़कर उसकी ओर गया। बस चालक ने बस रोकने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार होने के कारण बस के अगले हिस्से से टक्कर लग गई। इससे जगत के सिर और ठोड़ी पर चोट आई और वह सड़क पर गिर पड़ा। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्चे को उठाया और नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया.



## नागपुर में अपराध के खिलाफ जागरूकता अभियान

**नागपुर.**

चैतन्य जनता सामाजिक सुरक्षा कल्याण नागपुर की ओर से नागपुर के 33 पोलिस स्टेशन अंतर्गत अपराध के खिलाफ जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया, सुनीता ताई ठाकरे संस्थापक, मोहम्मद हफीज़ साबरी महाराष्ट्र अध्यक्ष, संगीता ताई शाक्य विदर्भ अध्यक्ष, कल्पना मिश्रा ताई विदर्भ उपाध्यक्ष, शारदा सूर्यवंशी ताई नागपुर अध्यक्ष, मनीषा ताई रामटेक नागपुर अध्यक्ष, संगीता ताई उम्माटे नागपुर अध्यक्ष, उनकी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया. नागपुर शहर में बढ़ते अवैध गैर कानूनी काम दिन पर दिन बढ़ते जा रहा है नाबालिक बच्चे नशे का सेवन कर रहे हैं, ड्रग्स, गांजा, अफीम, दारू ,साइबर क्राइम, नागपुर क्राइम मुक्त करना है, आओ मिलकर कदम बढ़ाए आपके एरिया में अनलीगल एक्टिविटीज हो रही है तो हमारे संस्था से संपर्क करें हम कानूनी कार्रवाई कर उन्हें सबक सिखाएंगे





88888 86930 | 77220 24512 | domestic@btpyatra.com | www.btpyatra.com

## एआईएमआईएम ने की उड़ान पुल, सीमेंट रोड में हो रहे भ्रष्टाचार के जांच की मांग

**नागपुर.**

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लेमीन परिवहन व कामगार सेल नागपुर शहर ने महाराष्ट्र अध्यक्ष इम्तियाज जलील की अध्यक्षता में और नागपुर शहर वाहतुक व कामगार अध्यक्ष मोहम्मद आदिल खान के नेतृत्व में आज जिला अधिकारी विपिन ईटनकर को नागपुर में उड़ान पुल के निर्माण में भ्रष्टाचार के कारण नागपुर की जनता के हो रहे आर्थिक नुकसान से अवगत करा कर जांच की मांग की. शहर में निर्मित हो रहे उड़ान पुल भ्रष्टाचार की बलि चढ़ कर क्षतिग्रस्त हो रहे है, सीमेंट रोड में दरारें पड़ रही है. उड़ान पुल के नीचे चलने वालों में भय का माहौल बना हुआ है, अभी अभी प्रजापति मेट्रो स्टेशन कीओर जाने वाले रास्ते में उड़ान पुल के कारण वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है. इस से उस से पहले कलमना चौक के पास पूरा पुल नीचे गिर गया । मोहम्मद आदिल ने बताया है कि ग्रीष्म ऋतु आ चुकी है ऐसे में ऑटोरिक्शे वाले , ई रिक्शे वाले हाथ मजदूरी करने वाले मजदूर उसी प्रकार पशु दोपहर में पुल के नीचे गर्मी से बचने के लिए शरण लेते है. ऐसे में कोई अनहोनी हो गई तो उन्हें जान से हाथ धोना पड़ सकता है. इसे लेकर एआईएमआईएम नागपुर ने निष्पक्ष जांच की मांग की है. प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच कर के दोषियों को उचित दंड नहीं दिया गया, और उड़ान पुल गिरने का सिलसिला नहीं रुका तो ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लेमीन पूरे शहर की जनता के साथ रोड पर उतरकर तीव्र आंदोलन करेंगी ऐसी चेतावनी दी इस दौरान इरशाद अहमद,महासचिव इरफान खान ,जहांगीर अशरफ ,रफीक दीवान, वैभव घण्टाले,संजय मून,रितेश सावरकर, डॉ प्रवीण मेश्राम,राजेश कंगाले, अश्विन, अल्ताफ आदि उपस्थित थे।

# वन्य जीव सुरक्षा के लिए बाजार गांव के राजमार्ग पर अंडरपास जरूरी

> किसानों के पशुओं को सदैव बनाते है निशाना

> बाजारगांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंडरपास की मांग

**कोंढाली.**





बाघो की राजधानी (टायगर कॅपिटल) के नाम से भी नागपुर को जाना जाता है ।यह प्रसिद्ध के लिये सही है, पर टायगर कॅपिटल के तहत आने वाले देश के सबसे छोटे व्याघ्र प्रकल्प बोर व्याघ्र प्रकल्प के कोअर तथा बफर झोन के तहत बाघों की संख्या तथा बाघों के हमले मे मानवीय हानी के साथ साथ किसानों तथा पशुपालकों के पशुओं को बचाने के लिये राज्य-तथा केंद्र सरकार , प्रशासन के साथ समय समय पर न्यायपालिका का द्वारा सरकारों के दिये जाने वाले दिशा निर्देशों में देश के टायगर कॅपिटल कहे जाने वाले नागपु-वर्धा क्षेत्र के अभयारण्यों तथा समकक्ष वनों से निकल कर वन्य जीव तथा पशुओं पर हिंस्त्र के हमलों से बचने के साथ ही हिंस्त्र पशुओं का भी संवर्धन होता रहे, वहीं वनों के समिपस्थ गांव,खेत, खलिहानों, के किसान,मजदूर, चरवाहेकी तथा आम नागरिकों भी सुरक्षा मिले। इस पर सुचारू मार्ग निकालने की मांग की जा रही है

केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा ऐसे प्रस्ताव लाये जाने की मांग जंगल क्षेत्र समिपस्थ के नागरिकों की है। टायगर कॅपिटल के बोर तथा पेंच , ताडोबा अभयारण्यों के बीच बाघों को अपने नैसर्गिक अधिवास के लिये आवाजाही के लिये कैरीडोर बनाया जाय , इस लिये केंद्र सरकार के पास नियोजन तथा नियमावली है। फिर भी राजमार्ग अथवा राज्य के साथ साथ जिला मार्गों जहाँ से( वाघों को)वन्यजीव अधिकतर नैसर्गिक अधिवास के आवाजाही का कैरीडोर है वहां अंडरपास या अप्पर पास बनाने का नियोजन पर ध्यान ही नही दिया जा रहा , एसे में नागपुर -अमरावती राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 06 के कोंढाली/कलमेश्वर वन परिक्षेत्र के बाजारगांव उपवन क्षेत्र के कैरीडोर पर अब तक दो बाघ तिन तेंदुऐ सांभार तथा अनेक नील गाय वाहनों के दुर्घटनाओं में मारे जा चूके है। फिर भी इस राजमार्ग पर अनेक बार जनता द्वारा मांग करने पर भी कोई सुनवाई नही हो रही।वन्यजीवके नैसर्गिक मार्ग पर ना अंडर पास ना अप्पर पास बनाने की कोई सरकार व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हिम्मत नही कर रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बोर व्याघ्र प्रकल्प के बी टी आर- 2 बाजीराव नामक बाघ वर्ष 2017में कोंढाली वनपरिक्षेत्र के तहत (अब कलमेश्वर वनपरिक्षेत्र में) बाजारगांव के पास राजमार्ग पार करते समय अज्ञात वाहन के टक्कर में मृत्यु हुई , वहीं बी टी आर -04 शिवाजी विगत आठ वर्षो से अब तक लापता बताया जा रहा है। फलस्वरूप बोर व्याघ्र प्रकल्प के कोअर तथा बफर झोन के तहत बाघों की संख्या में कमी होते ही, चंद्रपुर जिले ताडोबा व्याघ्र प्रकल्प के बाघ, अपने नैसर्गिक अधिवास के लिये सीधे बोर व्याघ्र प्रकल्प के ओर रूख करते है, तथा अपने टेरिटोरी के लिये भटकते समय समिपस्थ खेतों के किसानों, चरवाहों तथा तेंदुपत्ता संकलन करनेवाले मजदूरों पर हमले के प्रमाण बढ रहे हैं। देश के सबसे छोटे व्याघ्र प्रकल्प बोर व्याघ्र प्रकल्प के तहत बाघों के लिये सुरक्षित वनपरिक्षेत्र में चार बाघीन तथा बी टी आर -08,तथा बी टी आर -10 दो बाघ कुल 06बाघ बाघीन बताये जाते हैं।

श्यामाप्रसाद मुखर्जी जन वन योजना की व्याप्ती बढायें राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना के तहत वनों और वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सरकार ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने 'जन-वन विकास' योजना शुरू की है। इसके लिए राजस्व एवं वन विभाग, महाराष्ट्र सरकार ने 4 अगस्त, 2015 को सरकारी संकल्प संख्या डब्लूएलपी-0515 / न 155 / ऍफ़ -1 जारी किया है। योजना का उद्देश्य मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना और ग्रामीण संसाधनों की उत्पादकता और वैकल्पिक रोजगार के अवसरों को बढ़ाकर वनों पर निर्भरता को कम करके सह-अस्तित्व स्थापित करना है। ग्रामीण जल, वन और वन संसाधनों के सतत विकास के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि, वैकल्पिक रोजगार के अवसर और संरक्षित क्षेत्रों पर मानव दबाव को कम करना। फिर भी इस योजना का प्रभावी नियोजन के जन तथा किसानों के हित में तथा उचित उपयोग नही हो रहा। वन्य क्षेत्र से जुडे ग्रामीण किसानों के खेतों, खलिहानों तथा वन्य जीव जंगल प्रवण क्षेत्र के किसानों के खेतों में बाड़ के लिये शासन द्वारा आर्थिक मदत की जाय।

डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी जन वन योजना की व्याप्ती को वनों के समिपस्थ तथा आस पास के गांव के किसानों, मजदूरों तक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाय यह जानकारी बाजारगाव के किसान तथा सातनवरी, खैरी, कातलाबोडी, मुरली, शीवा, सावंगा,डिगडोह,देवली,अडेगाव के किसानों तथा गोपालकों द्वारा बार बार मांग की गयी है ।

### राजमार्ग53(06) पर वन्यजीवों सुरक्षा का खास खयाल रखा जाए

देश के आर्थिक राजधानी तथा महाराष्ट्र राज्य की राजधानी तथा राज्य के उपराजधानी को जोडने वाले राजमार्ग संख्या 53(06) के नागपूर कोंढाली के बीच बाजार गावं क्षेत्र से समिपस्थ बोर अभयारण्य के व्याघ्र प्रकल्प से (टायगर बफर झोन) से कोंढाली तथा कलेश्वर वनपरिक्षेत्र में विचरण करने वाले बाघ तथा तेंदुऐ मेटिंग के लिये आवाजाही करते है. इस आवाजाही करते समय राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करते है. राजमार्ग पार करते समय अबतक दो बाघ तथा चार तेंदुओं की सडक पार करते समय अज्ञात वाहनों के चपेट में आ कर मृत्यू हुई.

### गडकरी तथा वन मंत्री गणेश नाईक से अपील

बोर अभयारण्य से पेंच अभयारण्य में नैसर्गिक अधिवास के लिये आवागमन के लिये अति व्यस्त मुंबई-कोलकता फोर लेन पर वन्यजीवों के सुरक्षा के लिये कैरिडोर निर्माण के लिये केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सडक परिवहन मंत्री नितीन गडकरी तथा राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक की संयुक्त बैठक लेकर नागपूर-मुंबई राजमार्ग के बाजार गांव तथा पाच नवरी के बीच अंडरपास बनाने के लिये मंजुरी दिये जाने कि मांग वन्य जीवप्रेमीयों द्वारा की गयी है ।

## विदर्भ कबड्डी टीम की कप्तान बनीं हर्षा खडसे



उमरेड. उमरेड के रविन्द्र क्रीड़ा मंडल की स्टार कबड्डी खिलाड़ी तथा भिवापुर तहसील के खैरगांव की निवासी हर्षा पांडुरंग खड़से को विदर्भसीनियर बालिका कबड्डी टीम की कप्तान बनाया गया है. हरियाणा के करनाल में मोर माजरा स्थित आर्य कन्या गुरुकुल में आयोजित 71वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए उमरेड शहर के रविंद्र क्रीड़ा मंडल की स्टार कबड्डी खिलाड़ी हर्षा पांडुरंग खड़से को विदर्भ की सीनियर बालिका कबड्डी टीम में शामिल किया गया और उसे विदर्भ की सीनियर बालिका कबड्डी टीम की कप्तान बनाया गया है.

हर्षा खडसे को भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ के अंतर्गत विदर्भ एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन की सीनियर बालिका कबड्डी टीम की कप्तान बनाया गया. एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन ऑफ विदर्भ के अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, सचिव बापू देशमुख, सहसचिव सतीश डुफरे, जिला कबड्डी एमेच्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन रत्ने, सचिव प्रदीप सेलोकर, सोनू जाधव, महेश बारुटकर, अनिल पांडे, जावेद अख्तर, नितिन धवले, नागपुर जिला ग्रामीण कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष संकेत बावनकुड़े, सचिव सचिन शेडके, राहुल शेडके, प्रशांत जालंधर, प्रशांत सलामे, प्रवीण खीचड़, महिला कला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.ए. गायकवाड़, बाबा तोतवार, प्रा. आरती खवले, रवींद्र क्रीड़ा मंडल के अध्यक्ष शरद सादेकर, संचालक अरविंद हजारे, कोच भरत बघेल, क्रीड़ा प्रमुख किशोर हजारे, दत्तात्रय वैरागड़े, स्वप्निल देशमुख सहित उमरेड शहर के अन्य खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी है.



## चैतन्य जनता सामाजिक सुरक्षा का अपराध पर जागरूक अभियान

**नागपुर.** चैतन्य जनता सामाजिक सुरक्षा कल्याण नागपुर की ओर से नागपुर के 33 पुलिस स्टेशन अंतर्गत अपराध के खिलाफ जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सुनीता ठाकरे संस्थापक, मोहम्मद हफीज़ साबरी महाराष्ट्र अध्यक्ष, संगीता शाक्य विदर्भ अध्यक्ष, कल्पना मिश्रा विदर्भ उपाध्यक्ष, शारदा सूर्यवंशी नागपुर अध्यक्ष, मनीषा रामटेके नागपुर अध्यक्ष, संगीता उम्माटे नागपुर अध्यक्ष इनकी प्रमुख उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नागपुर शहर में बढ़ते अवैध गैर कानूनी काम दिन पर दिन बढ़ते जा रहा है। नाबालिक बच्चे नशे का सेवन कर रहे हैं। ड्रग्स, गांजा, अफीम, दारू, साइबर क्राइम सहित अन्य क्राइम मुक्त करना है। चैतन्य जनता सामाजिक सुरक्षा कल्याण के पदाधिकारियों ने लोगों से आव्हान किया कि उनके साथ मिलकर कदम बढ़ाए ताकि हो रहे सायबर अपराध व अन्य अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।



## डॉ.आंबेडकर स्मृति मंडल ने संत गाडगे बाबा जयंती मनाई

**कामठी.**

डॉ.आंबेडकर स्मृति मंडळ गौतम नगर कामठी की ओर से संत गाडगे महाराज की जयंती कार्यक्रम रविवार को रमाई पार्क, गौतम नगर, पोरवाल कॉलेज के सामने आयोजित किया गया। संत गाडगे महाराज की जयंती बड़े ही उत्साह से मनाई गयी। कार्यक्रम की सुरुवात में राजू गजभिये तथा सुबोध मेश्राम द्वारा संत गाडगे महाराज के छायाचित्र को माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन किया गया। वहीं धर्मपाल नागदेवे तथा संजय चांदपुरकर ने अगरबत्ती तथा मोमबत्ती प्रज्वलित की। तत्पश्चात माता रमाई की प्रतिमा को अनुरुद्ध तांबे तथा सुबोध चांदोरकर ने पुष्प अर्पित किए तथा अगरबत्ती तथा मोमबत्ती प्रज्वलित की। इसके उपरांत त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया गया। इस कार्यक्रम में गौतम नगर के अनेक नागरिक उपस्थित हुए। जिसमें प्रशांत नगरकर, सुबोध चांदोरकर, धर्मपाल नागदेवे तथा आयु एड.मिथुन चांदोरकर ने जयंती पर संत गाडगे महाराज के जीवन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत तथा समापन एड.सचिन अशोक चांदोरकर ने किया.

कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए आभार प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुखता से गौतम नगर के राजू गजभिये, एड.सचिन चांदोरकर, धर्मपाल नागदेवे, प्रशांत नगरकर, सुबोध चांदोरकर, एड.मिथुन चांदोरकर, रवि चाहांदे, रितेश सवाईफुल, अनिरूध्द तांबे, हेमराज डांगे, शशीकांत तांबे, राहुल चांदोरकर, सुबोध मेश्राम, रोशन दहाट, सुधीर मेश्राम, अनिल वासे, सजंय चांदपुरकर, शेंवता अशोक चांदोरकर, किरन अनिरूध्द तांबे आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आंबेडकर स्मृति मंडळ के सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों में मार्गदर्षक भंते नागदिपंकर महाथेरो, गुणरत्न तांबे, अध्यक्ष सचिन अशोक चांदोरकर, सचिव गणेश डांगे, कोषाध्यक्ष सहसचिव राजू गजभिये, सुबोध चांदोरकर, ज्योती नागदेवे, रितेश सवाईथुल, उपाध्यक्ष विजय चांदोरकर, विलास नागदेवे, अनुप सोनडवले, संघटक, अविनाष गजभिये, अंकेक्षक धर्मदीप शेन्डे, अष्विन बावनगडे, समन्वय समिती गणेष तांबे, धर्मपाल नागदेवे, प्रषांत नगरकर, अनिरूध्द तांबे, सुबोध मेश्राम, कार्यकारिणी सदस्य रवि चाहांदे, मिथुन चांदोरकर, अनिल बोरकर, रूपेष गजवे, आकाष डोंगरे, हेमराज डांगे, शषिकांत तांबे, सल्लागार माधुरी गजवे, सुरेखा चांदोरकर सत्यभामा फुले, कुनाल गजवे आदि ने अपना योगदान दिया.

## वाड़ी शहर सीमा पर दाभा में कचरे का अंबार

> नागरिकों की सेहत पर खतरा



**वाड़ी.** शहर की सीमा पर स्थित दाभा क्षेत्र में कचरे की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। काटोल बाईपास से दाभा शहर की ओर जाने वाली सड़क के किनारे जमा हो रहे कचरे के ढेर से स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जिसका सीधा सीधा असर वाडी वासियों को हो रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यहां लगातार कचरा डाला जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और बदबू फैल रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस कचरे में मेडिकल व सेनेटरी सामग्री भी बड़ी मात्रा में पाई जाती है, जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इतना ही नहीं, कई बार इस कचरे को जलाया भी जाता है, जिससे निकलने वाला जहरीला धुआं हवा को प्रदूषित कर रहा है। इससे दमा, एलर्जी और सांस की बीमारियां बढ़ सकती हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या की शिकायत नगरपालिका से की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अगर जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो यह क्षेत्र गंभीर स्वास्थ्य संकट की चपेट में आ सकता है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को कई बार इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया, कचरे का ढेर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे दुर्गंध और गंदगी फैल रही है। साथ ही, इस गंदगी में मच्छर और अन्य कीटाणु पनप रहे हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। कचरा प्रबंधन के लिए उचित कदम उठाए जाएं।नियमित सफाई अभियान चलाया जाए।मेडिकल कचरे के निपटारे के लिए विशेष व्यवस्था की जाए।कचरा जलाने पर सख्त कार्रवाई हो।यदि इस पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

**प्रशासन की चुप्पी कब टूटेगी?**

नगरपालिका और प्रशासन को इस ओर जल्द ध्यान देने की जरूरत है, ताकि नागरिकों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसका प्रभाव पूरे क्षेत्र की सेहत पर पड़ सकता है।




## धनोजे कुनबी समाज वर-वधू परिचय समारोह संपन्न

**सावनेर.**

धनोजे कुनबी समाज मंडल, सावनेर एवं धनोजे कुनबी युवा मंच, नागपुर (ग्रामीण) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वर परिचय, स्वागत एवं प्रणय मिलन समारोह 23 फरवरी को मधुमालती हॉल, सावनेर में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।

इस-भव्य आयोजन मे 172 युवक-युवतियों ने परिचय दिया तथा 20 गणमान्य व्यक्तियों को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं, रोजगार, कृषि, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य निजी स्टॉलों पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन शंकररावजी ढोके ने तो समारोह की अध्यक्षता श्री गंगाधरजी माडेकर ने की।कार्यक्रम का प्रास्ताविक डॉ. परेश जवाहरजी पिंगे ने कीया

इस भव्य आयोजन में पूर्व नागपुर जिल्हा परिषद उपाध्यक्ष मनोहर कुंभारे, रामराव मोवड़े, विवेक मोवड़े, रामभाऊ मुसले और गजानन असोले आदि ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन सोनाली डहाके, योगिता घोड़मारे और प्रतिभा वडसकर ने किया, जबकि युवा मंच की ओर से राहुल सातपुते ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इन कार्यक्रमों के दौरान सभी ने सावनेर में एक भव्य सामुदायिक भवन बनाने तथा वहां विभिन्न समाजोपयोगी गतिविधियां क्रियान्वित करने की मंशा व्यक्त की। इस आयोजन मे नागपुर जिले के अधिकांश गांवों से बड़ी संख्या में समाज बांधव शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा मंच के बोर्ड और सदस्यों ने कई दिनों तक अथक परिश्रम किया।

## आर. डी. इंटरनेशनल ई-स्कूल का वार्षिक महोत्सव सम्पन्न

**नागपुर.**

आर. डी. इंटरनेशनल ई-स्कूल का वार्षिक महोत्सव संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम देवतारे सभागृह कलमना में बड़े उतसाह के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल महादेवराव शिवंकर थे। तथा शेषराव गोतमारे, सुरेन्द्र ठाकरे, सौ. सविताताई देव्हारे (संस्था अध्यक्ष), राजूजी देव्हारे (सचिव), हरिशचंद्रजी नागोसे, अनिलजी नागोसे, सौ. नंदाताई ठाकरे एवं अन्य मेहमान उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने विविध नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रेरक मधुकर देव्हारे का मुख्य अतिथिद्वारा सन्मान किया गया। मुख्य अतिथि शिवंकर ने नन्हे बच्चों की बहुत सराहना की। कार्यक्रम का समापन दुसरे दिन विद्यार्थियों के सह्भोजन से हुआ।

## दो कुख्यात फरार आरोपियों को कोंढाली पुलिस ने पकड़ा



**कोंढाली.** उत्तर प्रदेश में आपसी विवाद में फायरिंग कर फरार दो कुख्यात आरोपियों को उत्तर प्रदेश पुलिस से प्राप्त मोबाईल लोकेशन के आधार पर कोंढाली पुलीस ने अपने कब्जे में लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंप दिया. इम्रान टोपी उर्फ मोहम्मद रजा 26,मोहम्मद आबाद अली 25 मु. कलीपुर मैनाह पुलिस थाना रानीगंज जिला प्रतापगढ़ यह आरोपियों का नाम है. इन दोनों आरोपियों ने कलीपुर मैनाह गांव में आपसी विवाद में साथियों के साथ फायरिंग कर दो लोगो को गंभीर घायल कर दिया तथा फरार हो गये आरोपी ने अपने रिश्तेदार ट्रक चालक मोहम्मद अरबाज से संपर्क किया पर विवाद तथा फायरिंग की जानकारी नही दी अरबाज ने आरोपियों को ट्रक में मुंबई से माल भरकर कोंढाली चाकडोह मे आने की जानकारी दी आरोपी ट्रेन से नागपुर तथा नागपुर से बस से कोंढाली पहुंचे कोंढाली से आरोपी ऑटो रिक्शा से चाकडोह पहुंचे तथा अरबाज के ट्रक में बैठे. उत्तर प्रदेश पुलिस आरोपियों को मोबाईल लोकेशन के आधार पर खोज शुरू की जिसमे मुख्य दो आरोपी की की लोकेशन कोंढाली क्षेत्र में होने की जानकारी मिली इसलिये कोंढाली पुलिस को जानकारी दी गयी तथा आरोपी कुख्यात अपराधी होने की तथा आरोपियों के पास देसी कट्टा होने की जानकारी दी इसलिये कोंढाली के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी पुलीस उपनिरीक्षक धवल देशमुख ने अत्यंत सतर्कता के साथ आरोपियों को कोंढाली नागपुर मार्ग पर चाकडोह क्षेत्र में 22 फरवरी की रात ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी एम 6562 में देर रात कब्जे में लिया. आज 23 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस कोंढाली पहुंची तथा आरोपी इमरान तथा मोहम्मद आजाद अली को अपने कब्जे में लेकर उत्तर प्रदेश ले गये तथा ट्रक चालक मोहम्मद अरबाज तथा क्लीनर मोहम्मद अफजल की ज़ाच कर छोड दिया.




## शिवाजी के योगदान के बिना मराठा साम्राज्य की कल्पना भी संभव नहीं थी: प्रा. केवलरामानी

**नागपुर.** जरीपटका स्थित राजकुमार केवलरामानी कन्या महाविद्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वी जयंती का कार्यक्रम प्रा. विजय केवलरामानी (महाविद्यालयीन प्रबंधन के अध्यक्ष) की अध्यक्षता, नीलम आहूजा (उपाध्यक्ष व प्राचार्या, राजकुमार केवलरामानी कनिष्ठ कन्या महाविद्यालय), कैलाश केवलरामानी (महाविद्यालयीन प्रबंधन के महासचिव), डॉ उर्मिला डबीर (प्राचार्या, राजकुमार केवलरामानी कन्या महाविद्यालय), रशमी वाधवानी (प्रधानाध्यापिका, राजकुमार केवलरामानी सिंधु उच्च प्राथमिक शाला), रिचा केवलरामानी (कोषाध्यक्ष), पर्यवेक्षिका राजेन्द्रकौर सपरा की प्रमुख उपस्थिति में सोत्साह संपन्न हुआ। प्रा विजय केवलरामानी ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के योगदान के बिना मराठा साम्राज्य की कल्पना भी संभव नहीं थी, यह वाक्य मराठा साम्राज्य और छत्रपती शिवाजी महाराज के महत्व को दर्शाने के लिए पूर्णतः सत्य है। शिवाजी महाराज ने न केवल मराठों को एकजुट किया, बल्कि उन्होंने एक मजबूत और आत्मनिर्भर साम्राज्य की नींव रखी, जिसका प्रभाव भारतीय इतिहास में अनंत समय तक रहेगा। उन्होने आगे कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के द्वारा मराठा साम्राज्य की स्थापना करना, स्वराज्य की परिकल्पना, नवीन युद्धनीतियां, नवीन राजनैतिक रणनीतियां, दूरदृष्टि व दूरगामी योजनाएँ, सबके प्रति धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण के कारण हिंदु- मुस्लिम में सदैव भाईचारा बनाए रखाना उनकी अनेक नीतितों और विशेषताओं के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज हिंदवी स्वराज के सच्चे व कभी न भुलाए जाने वाले शासक हैं। नीलम आहूजा ने शिवाजी जयंती के अवसर पर कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने न केवल भारतीय इतिहास में बल्कि देश के सामाजिक ढांचे और संस्कृति में भी एक महत्वपूर्ण वैचारिक योगदान दिया। कैलाश केवलरामानी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का दृष्टिकोण और नेतृत्व आज भी प्रेरणा का स्त्रोत हैं, जो समाज को एकजुट करने और देश की अखंडता की रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है।

## यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों पर कार्रवाई कर काटे चालान

कामठी.




शहर में यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 ऑटो वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की है और 35 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूल है। यातायात पुलिस ने शहर के अलग-अलग चौराहों पर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई शुरू कर दी है।

यातायात पुलिस उपायुक्त अर्चित चांडक के आदेशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस ने आम जनता को जागरूक करने का एक तरफ जहां अभियान चला रखा है। वहीं दूसरी तरफ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। शनिवार को विभिन्न इलाके में चालानी कार्रवाई की। यातायात पुलिस निरीक्षक नितीन पतंगे ने बताया कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाना, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठना, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना और वाहनों का नंबर प्लेट निर्धारित मानक के अनुरूप न होने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### सीट बेल्ट का उपयोग करना बेहद आवश्यक

उन्होंने यह भी बताया कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना बेहद आवश्यक है, नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई अभियान में कामठी यातायात विभाग के पुलिस निरीक्षक नितीन पतंगे, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक सतीश पांडे, हेडकॉन्स्टेबल जुगल मुद्दल, प्रमोद सरसारखे, संतोष बंगाले, विवेक राठोड, धर्मेश धाबार्डे, प्रमोद ठाकूर के पथक ने अंजाम दिया है

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए सेंद्रीय आहार जरूरी :अग्निहोत्री

**वर्धा.**

एक भव्य और सफल संगठित 'फूड फेस्ट 2025' का आयोजन अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नागठाना में किया गया था। इस कार्यक्रम में जय महाकाली एजुकेशन इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष पंडित शंकर प्रसादजी अग्निहोत्री ने भाग लिया। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर अभिषेक कुमार सिंह, चीफ प्रा.शैलेश वाटकर, साथ ही इवेंट आयोजक प्रा. विजय वाढणकर, प्रा.धनंजय दाभाड़े, प्रा. भाग्यश्री वैद्य, प्रा.मनीष वादाफले और प्रा. कांचन चन्ने की पहल के साथ बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया था। यह आयोजन अग्निहोत्री पॉलिटेक्निक नागठाना के साथ समन्वय में किया गया था।



इस अवसर पर बोलते हुए, संस्था के अध्यक्ष, पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने जैविक और स्वस्थ आहार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "भोजन पुर्णब्रह्म है। हमें प्रकृतिनिर्मित भोजन का उपभोग करना चाहिए और हानिकारक जंक फूड से दूर रहना चाहिए।"

छात्रों ने आकर्षक स्टालों पर खुद विभिन्न स्वादिष्ट और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ बनाकर रखे थे। प्रत्येक स्टाल में अभिनव अवधारणाएं, रंगीन प्रस्तुतियाँ और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ थे। त्योहार का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड थीम था। छात्रों ने बॉलीवुड स्टाइल ऑफ कलर द्वारा विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन किया और उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

डॉ.रितेश सुले और डॉ. स्मिता कालोकर ने छात्रों के खाना पकाने के कौशल का मूल्यांकन किया।

### यह फूड फेस्ट 2025 छात्रों की रचनात्मकता


यह फूड फेस्ट 2025 छात्रों की रचनात्मकता, रसोई के कौशल और स्वस्थ आहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करता है। उपस्थित छात्रों, प्रोफेसरों और मेहमानों ने अद्वितीय पहल की सराहना की। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन के एक छात्र रश्मि थुल ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार विभाग के प्रमुख विजय वाढनकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस उत्सव के सफल आयोजन के बाद, संस्था के सचिव सचिनजी अग्निहोत्री का मूल्यवान समर्थन प्राप्त हुआ.

# यात्रियों को असुविधा न हो ऐसी योजना बनाएं

**गोंदिया.**

अर्जुनी मोरगांव तहसील में हिंदू मुस्लिम समुदायों की सामाजिक एकता का प्रतीक प्रतापगढ़ में महाशिवरात्रि के अवसर पर यात्रा का आयोजन किया जाता है. इस दौरान जिले के भीतर और बाहर से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं. यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए. सावधानीपूर्वक योजना बनाएं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, ऐसे निर्देश जिलाधीश प्रजीत नायर ने सभी विभाग प्रमुखों को दिए. प्रतापगढ़ में ग्राम पंचायत की ओर से भक्त निवास में महाशिवरात्रि यात्रा व ख्वाजा उस्मान गनी हारुनी उर्स को लेकर समीक्षा बैठक हुई. बैठक में विधायक राजकुमार बडोले, जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, जिप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम, उप मुख्य कार्यकारी



अधिकारी मधुकर वासनिक जिला प्रबंधक आपदा राजन चौबे, तहसीलदार अनिरुद्ध कांबले, उपविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटिल, समूह विकास अधिकारी पल्लवी वाडेकर, पूर्व जिप उपाध्यक्ष यशवंत गणवीर, पंस सभापति आम्रपाली डोंगरवार, सरपंच भोजराम लोकड़े, अविनाश मेश्राम उपस्थित थे. महाशिवरात्रि यात्रा और ख्वाजा उस्मान गनी हारुनी उर्स का आयोजन 26 फरवरी से प्रतापगढ़ में किया गया है. जिलाधीश ने इस तीर्थयात्रा की तैयारियों की समीक्षा की. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यात्रा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को भगवान भोले शंकर के दर्शन की सुविधा प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें पहले सड़क का काम पूरा करें सुकली फाटा सड़क प्रतापगढ़ तीर्थ स्थल तक पहुंचने का मुख्य यातायात मार्ग है. यात्रा महोत्सव में आने के लिए बड़ी संख्या में लोग इस मार्ग से यात्रा करते हैं. महाशिवरात्रि यात्रा बस कुछ ही दिन दूर है. इस समय सुकली-खैरी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है. इस सड़क का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश विधायक राजकुमार बडोले ने निर्माण विभाग के अधिकारियों दिए.

10 लाख रु. की मिलेगी निधि जिला परिषद ने ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ को प्रतापगढ़ यात्रा महोत्सव के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला परिषद के जिला कोष से प्रतापगढ़ तीर्थ स्थल के लिए 10 लाख रु. उपलब्ध कराने का आश्वासन जिप अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर ने दिया है.

## शिव मंदिर तक की राह नहीं आसान

**हिंगनघाट.** तहसील के मोजरी शेकापुर में वर्धा नदी के तट पर प्रकृति के बीच राजराजेश्वर शिव मंदिर है. मंदिर में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है. दूर-दूर से भक्तगण शिवलिंग के दर्शन के लिए नदी के किनारे से होकर मंदिर तक पहुंचते हैं. इस मंदिर तक पहुंचने के लिए नदी पर पुल की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है. जिससे श्रद्धालुओं को पगडंड़ी मार्ग से गुजरना पड़ता है. लेकिन यह सड़क भी जर्जर अवस्था में है. परिणाम स्वरूप इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को इसी सड़क से होकर यात्रा करने की नौबत आयी है.

वर्धा नदी के पार यवतमाल जिला है और इस जिले में भक्तों की बड़ी संख्या है. राजराजेश्वर शिव मंदिर तक पहुंचने के लिए उन्हें नदी के रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है. इसके अलावा पगडंडी रोड मोजरी शेकापुर से 3 किलोमीटर दूर है. इस मार्ग की अब तक दुरुस्ती नहीं की गई है. दूसरा मार्ग पोटी गांव से होकर गुजरता है. यहां एक किलोमीटर लंबी सड़क कई वर्षों से खराब है और प्रशासन ने इसकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया है. परिणामस्वरूप, श्रद्धालुओं को गड्ढों और उखड़ी हुई गिट्टी से होकर गुजरना पड़ता है. यहां तक कि वाहन चलाने के लिए भी काफी प्रयास की आवश्यकता होती है. प्रशासन की निष्क्रियता और उपेक्षापूर्ण नीतियों के कारण यह क्षेत्र आज भी सुविधाओं से वंचित नजर आता है.

इसके कारण क्षेत्र के नागरिक आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं. यहां मंदिर के सेवक विजय महाराज मंदिर का प्रबंधन देखते हैं. उन्होंने मोजरी, शेखापुर, पोटी, खानगांव और अन्य स्थानों से आए भक्तों से प्राप्त दान के माध्यम से मंदिर का विकास किया है. मंदिर का सभा मंडप बन चुका है और श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है. लेकिन इस मंदिर तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है, इसलिए कोई बस सुविधा भी नहीं है.इसलिए प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

## अनारक्षित टिकट लेने के प्रति यात्रियों को कर रहे जागरूक

### > यात्री सुविधाओं के लिए यूटीएस मोबाइल ऐप उपलब्ध

**गोंदिया.**

भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा का दम रखते है अनक्षित यात्राका के लिए एटीवीएम (ऑटोमेटेड टिकट वेंडिंग मशीन) यूटीएस मोबाइल ऐप उपलब्ध कराया गया है. यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से यात्री बिना किसी कठिनाई के अपने मोबाइल पर अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, मासिक सीजन टिकट व क्वार्टरली सीजन टिकट बुक कर सकते हैं. यह सुविधा यात्रियों को स्टेशन पर लंबी कतारों में



खड़े होने से बचाने के साथ-साथ डिजिटल माध्यम से टिकट बुक करने की सहजता प्रदान करती है. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्टेशनों पर जागरूकता शिविर आयोजित किया जाता है.

इन शिविरों का उद्देश्य अधिक से अधिक यात्रियों को यूटीएस मोबाइल ऐप की जानकारी प्रदान करना और उन्हें इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है. इसी कड़ी में मंडल के स्टेशनों पर अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एटीवीएम (ऑटोमेटेड टिकट वेंडिंग मशीन) व यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट बुकिंग की सुविधा के बारे में यात्रियों को लगातार जागरूक किया जा रहा है. सुविधाओं को और अधिक सरल बनाने के लिए अपडेट कर्नेल संस्करण 3.10 टर्मिनलस लगाए गए हैं जो विभिन स्थानों पर उपलब्ध क्यूआर कोड सिस्टम को आसानी से सपोर्ट करता है. यात्रियों को इन डिजिटल प्लेटफार्मों के उपयोग से होने वाले लाभों, जैसे समय की बचत और लंबी कतारों से मुक्ति, की जानकारी दी जा रही है. यात्रियों से एटीवीएम व यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से त्वरित टिकट मिलने व आसान डिजिटल भुगतान की सुविधा का अधिकाधिक उपयोग करने व भीड़ से बचने व चिल्लर की समस्या से मुक्त होकर अनारक्षित टिकटों की सुविधापूर्वक खरीदी के लिए एटीवीएम व 'यूटीएस' ऑन मोबाइल ऐप का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने पर जोर दिया जा रहा है.



## सुराबर्डी दिव्य निर्मलधाम आश्रम में शिवरात्रि उत्सव 26 को

**नागपुर.** शिवरात्रि के अवसर पर 26 फरवरी को दिव्य निर्मलधाम आश्रम सुराबर्डी आश्रम में महर्षि वेदव्यास गुरुकुल विद्यापीठ के ऋषिकुमारों के साथ में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई जाएगी। विश्व जागृति मिशन के नागपुर मंडल के प्रधान दिलीप मुरारका ने बताया कि तीनों प्रहर में सुबह 7.30 बजे, रात्रि 8.30बजे व मध्यरात्रि 12 बजे रुद्राभिषेक व आशीर्वचन, पूजन किया जाएगा। मध्य रात्रि 12.30 बजे नामजप, सत्संग भजन के बाद 27 फरवरी को प्रातः 4 से 6.30 बजे तक यज्ञ हवन, महाआरती, प्रसाद वितरण होगा। सभी से उपस्थित रहने की अपील विश्व जागृति मिशन के नागपुर मंडल ने की है।

## 23,353 को मिली आवास की प्रथम किस्त

### > 34,063 लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

**गोंदिया.**

केंद्र और राज्य बेघर परिवारों को उनके हक का घर दिलाने के लिए घरकुल योजना लागू कर रही हैं. इस संबंध में आवासहीन परिवारों के सपने को पूरा करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवास योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है. गोंदिया जिला परिषद द्वारा कुल 44,258 स्वीकृत घरों में से 34 हजार 63 लाभार्थियों को एक ही दिन में स्वीकृति पत्र दिए गए. वहीं, जिले में सभी ग्राम पंचायत प्रशासनों द्वारा अब तक 23,353 लाभार्थियों को प्रथम किस्त वितरित की जा चुकी है. इससे घरकूल योजना के लाभार्थियों में खुशी का माहौल है. राज्य सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई घरकुल योजनाओं को एकीकृत करके जनवरी 2025 से राज्य में महा आवास अभियान लागू कर रही है. राज्य सरकार ने इस अभियान के माध्यम से लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने की पहल करने के निर्देश भी यंत्रणा को दिए हैं. इस योजना के क्रियान्वयन के तहत राज्य में 20 लाख लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और 10 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त वितरित करने के निर्देश दिए गए थे. इसी के तहत शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और ग्राम विकास मंत्री जयकुमार गोरे ने ई-प्रणाली के तहत स्वीकृति पत्र और घर की पहली किस्त वितरित की, कार्यक्रम का आयोजन गोंदिया के जिला परिषद सभागृह में किया गया था.

**कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागृह में किया गया था**

इस अवसर पर जिप अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरुगानंथम, सभापति डा. लक्ष्मण भगत, रजनी कुंभरे, पूर्णिमा डेंगे और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. इस बीच, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले को 45,802 मकान बनाने का लक्ष्य मिला है, जिसमें से 44,258 मकान स्वीकृत हो चुके हैं. इनमें से 34,063 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए है. इसके अलावा 23,353 लाभार्थियों को पहली किस्त वितरित की गई.

## राजू केंद्रा को ब्रिटिश काउंसिल पुरस्कार की घोषणा

### > 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की विदेशी छात्रवृत्ति प्राप्त

**नागपुर.** 'स्टडी यूके एलुमनाई अवाड्र्स 2025' के फाइनलिस्टों की घोषणा हाल ही में की गई। ये पुरस्कार इंग्लैंड के उन पूर्व छात्रों के कार्य को सम्मानित करते हैं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। राजू केन्द्रा के सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों को 'स्टडी यूके एलुमनाई अवाड्र्स 2025' के लिए फाइनलिस्ट के रूप में चयनित करके मान्यता दी गई है। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार तीन लोगों को सामाजिक कार्य के लिए देने की घोषणा की गई है। पुरस्कार समारोह 1 मार्च को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

राजू केन्द्रा लंदन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) के पूर्व छात्र हैं। वह 'एकलव्य इंडिया फाउंडेशन' के सह-संस्थापक हैं। वे कई वर्षों से वंचित छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। अपनी खानाबदोश जनजाति के ऐतिहासिक अनुभव का उपयोग करते हुए, वे जागरूकता और मार्गदर्शन के माध्यम से नेतृत्व गुण विकसित कर रहे हैं। राजू केन्द्र का लक्ष्य मध्य भारत में एक अंतःविषयक विश्वविद्यालय स्थापित करना है।

एकलव्य इंडिया फाउंडेशन ने 2017 से छात्रों को सलाह देने और उनके करियर की योजना बनाने में मदद करने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके लिए उन्होंने सात सौ से अधिक कार्यशालाएं आयोजित कीं। इसके माध्यम से एकलव्य सीधे पांच लाख विद्यार्थियों तक पहुंच चुका है। सत्रह सौ से अधिक विद्यार्थियों को देश-विदेश के अच्छे कॉलेजों में प्रवेश दिलाने में मदद की। इस संस्थान के 400 से अधिक पूर्व छात्र आज सफल करियर बना रहे हैं।

**फाउंडेशन ने कई छात्रों को छात्रवृत्ति प्राप्त करने में मदद की**

फाउंडेशन ने कई छात्रों को छात्रवृत्ति प्राप्त करने में मदद की है। इसकी लागत 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इसके अलावा, फाउंडेशन ने दुनिया भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 30 से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की है। पिछले सात वर्षों में, संगठन ने मार्गदर्शन और कैरियर मार्गदर्शन के लिए दस लाख घंटे समर्पित किए हैं। हमारे छात्रों को सरकारी कार्यक्रमों, ट्रस्टों और प्रतिष्ठित वैश्विक संगठनों द्वारा 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।



## युगल स्पर्धा में नायब तहसीलदार कांबळे पटवारी मोहोड को रौप्य पदक

**हिंगनघाट.**

नांदेड़ में आयोजित राज्य स्तरीय राजस्व खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में क्षेत्रीय स्पर्धा का नेतृत्व करने वाले हिंगणघाट के नायब तहसीलदार सागर कांबले एवं समुद्रपुर के पटवारी रोहित मोहोड को बैडमिंटन युगल स्पर्धा में रौप्य पदक से सम्मानित किया गया। उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उन्होंने युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अमरावती विभाग को पराजित करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। इन दोनों खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय राजस्व प्रतियोगिता में नागपुर संभाग की ओर से बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

विजेता खिलाड़ियों को महाराष्ट्र राज्य के माननीय राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले द्वारा पुरस्कृत किया गया। नागपुर संभाग के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर उपविभागीय अधिकारी हिंगणघाट गणेश खटाले और तहसीलदार योगेश शिंदे, सभी नायब तहसीलदारों और सभी कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है।

## सड़क निर्माण कार्य की हो जांच

### > सालेकसा तहसील के बिजेपार में सीमेंट सड़क के काम में अनियमितताएं

**सालेकसा.**

सालेकसा तहसील के बिजेपार में सीमेंट सड़क के काम में अनियमितताएं हुई है. यहां 90 प्रतिशत काम घटिया गुणवत्ता के हुआ है. सीमेंट सड़क के नीचे कोई लोहे की जाली या चटाई नहीं बिछाई गई है. पुरानी सीमेंट सड़क पर नई सीमेंट सड़क बनाकर बिल जारी कर दिया गया, लेकिन काम एस्टीमेट के अनुसार नहीं हुआ. पानी भी नहीं डाला गया, सिर्फ ऊपर घास-फूस डालकर सीमेंट का फव्वारा बना दिया गया. कार्य की लंबाई 104 मीटर व चौड़ाई 3 मीटर है. इस कार्य पर लोक निर्माण विभाग ने 10 लाख रु. खर्च किए हैं. जानकारी के अनुसार कनिष्ठ अभियंता व उपविभागीय अधिकारी के साथ-साथ कार्यकारी अभियंता सिर्फ कार्यालय व फोन संपर्क के जरिए ही कार्यों की निगरानी कर रहे हैं, लेकिन हकीकत में यह निर्माण कार्य पर नहीं जाते. इसका फायदा ठेकेदार उठाते हैं. इस संबंध में अधिक जानकारी लेने पर कनिष्ठ अभियंता द्वारा गोलमोल जवाब दिया जाता है. उपविभागीय अधिकारी व कार्यकारी अभियंता फोन नहीं उठाते. मांग की जा रही है कि बिजेपार में सड़क कार्य व केहरीटोला-मसीटोला में डामर सड़क कार्य की उच्चस्तरीय जांच की जाए.

## पानसरे प्रकरण के आरोपी की जमानत याचिका रद्द करें

**गोंदिया.** प्रागतिक, विज्ञानवादी, वरिष्ठ विचारवंत एड. गोविंद पानसरे की हत्या को 20 फरवरी को 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं. उनके स्मृति दिन के मौके पर हत्या प्रकरण के आरोपी की जमानत याचिका रद्द करने की मांग भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने करते हुए गोंदिया स्थित प्रशासकीय इमारत के समक्ष प्रदर्शन किया. उल्लेखनीय है कि हत्या मामले में शामिल आरोपी की जमानत याचिका रद्द करने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जाए.

## श्रीसमर्थ लहानुजी महाराज लीलामृत महापारायण कार्यक्रम संपन्न

**आर्वी.**

श्रीसमर्थ सद्गुरू लहानुजी महाराज के जीवनपर आधारित महाराष्ट्र के संतचरित्रकार परमपूज्य रामकृष्णदादा बेलूरकर महाराज, आद्यग्रामगीताचार्य लिखित "लिलामृत"ग्रंथ का महापारायण समारंभ रविवारी दिनांक २३फेब्रुवारी २०२५रोजी परमहंस श्रीसमर्थ लहानुजी महाराज के १४१वा जयंतीनिमित्त आयोजित किया गया था. महापारायण का यह तिसरा महापर्व है.पूर्ण भारत से भाविक भक्त, महिला भगिनी हजारो संख्या से सहभागी हुई. इस प्रसंगपर महापारायण समारंभ की शुरुवात सामुदायिक



ध्यान व रामधून के बाद सात बजे परमहंस श्रीसमर्थ सद्गुरू आडकुजी महाराज, लहानुजी महाराज,संत सत्यदेव महाराज, वं. राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, संतचरित्रकार प.रामकृष्णदादा बेलूरकर के प्रतिमा का पुजन व दिपप्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुवात हुई.उसके बाद लिलामृत के मुख्य वाचक रजनी बाबासाहेब कडू के मार्गदर्शन में कु.रसिका यादव, समिक्षा पकडे, पाखरे के हस्ते एकवीस अध्याय का सुंदर सामुदायिक पारायण किया गया.

पारायण समारोप संस्थान के अध्यक्ष सुरेश उपाख्य बाळासाहेब पावडे, संचालक वसंत महल्ले, बाळासाहब अढाऊ, दादासाहेब अनासने, ठाकरेदादा, गुरूदेव प्रचारक माणिकदादा बेलूरकर के प्रमुख उपस्थिती में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का सुत्रसंचलन वैशाली वानखेडे व अरूण राऊत ने किया. महापारायण कार्यक्रम के लिए लहानुजी रिफ्रेशमेन्ट के संचालक सागर सुरटकर, तिवसा ने विशेष चहापान व्यवस्था की.तो लहानुजी स्वानुभव के प्रमुख गोविंद सावरकर, आर्वी के अविनाश राऊत,रिधोरा सुनील नाथे, कळमेश्वर, गोविंद ठवळी,परिक्षित बाबासाहेब कडू, सुरेश ठवळी टाकरखेड दादासाहेब यादव,बाळ हिवसे, देशमुख,राऊत,पावडे,डोळस सह लहानुजी महाराज भक्त परिवार ने अथक परिश्रम किया.साधारण नऊ घंटेतक लगातार चले महापारायण समारंभ में महिला व पुरूष को पाणी,फळे,चहा आदि अखंड सेवा देने के लिए छोटे तरूण, युवक-युवतीने व बच्चो ने सेवा देकर संत लहानुजी महाराज दरबार में हजेरी लगायी.

## सरकार व जिला परिषद बकाया बिजली बिल भरें

### > हाईकोर्ट ने दिये प्रशासन को निर्देश

**गोंदिया.**

अर्जुनी मोरगांव की प्रादेशिक जलापूर्ति योजना के बकाया बिजली बिल विवाद में उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार व जिला परिषद को बकाया बिल जमा करने का आदेश दिया. महावितरण (एमएसईडीसीएल) का बकाया बिजली बिल का मामला न्यायालय में समक्ष रखा गया था. अर्जुनी मोरगांव तहसील के नवेगांवबांध की सुजल बहुउद्देश्यीय सामाजिक सेवा समिति द्वारा दाखिल याचिका पर महाराष्ट्र उच्च न्यायालय के न्या. नितिन साम्ब्रे



व न्या. वृषाली जोशी की खंडपीठ के सामने मामले की सुनवाई हुई. महावितरण ने 56.08 लाख रु. के बकाया को लेकर याचिका दाखिल की थी. इसमें जिला परिषद की ओर से बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं कराए जाने से जिला परिषद अपने स्रोतों से राशि का भुगतान करने में असमर्थ है. जिसे न्यायालय लेकर ने अगली सुनवाई 7 अप्रैल को रखी है. लेकिन तब तक राज्य सरकार व जिला परिषद को बकाया बिजली बिल के भुगतान का आदेश दिया है. न्यायालय ने बताया कि बिजली बिल नहीं भरे जाने की स्थिति में बिजली आपूर्ति बाधित होगी. नागरिकों को पीने के पानी की सुविधा से वंचित रहना पड़ेगा. यह मुद्दा लंबित रहने से नागरिकों को बड़ी परेशानी हो सकती है. इसलिए संबंधित विभाग इस पर तत्काल कार्रवाई करे. सुजल बहुउद्देश्यीय सामाजिक सेवा समिति की ओर से एड. जीतेंद्र मटाले ने पक्ष रखा. इस निर्णय से अर्जुनी मोरगांव तहसील के 50 गांवों के लोगों में हर्ष का माहौल है.

# कविता नहीं सुना पाने की वजह से बच्चे को टीचर ने पीटा

**चेन्नई.**



तमिलनाडु में हिंदी कविता नहीं सुनाने पर एक छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। मामला प्रकाश में आने के बाद स्कूल प्रबंधन ने हिंदी टीचर को निलंबित कर दिया है। घटना चेन्नई के किलपौक स्थित एक निजी स्कूल की है।

पीड़ित छात्र कक्षा तीन में पढ़ता है। उधर, निजी स्कूलों के निदेशक एम पलानीसामी ने कहा कि उन्होंने अभी तक मामले की जांच नहीं की है। स्कूल प्रबंधन से बात करेंगे और सोमवार को एक रिपोर्ट जारी करेंगे।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक छात्र के माता-पिता ने स्कूल प्रबंधन से टीचर के खिलाफ लिखित में शिकायत की थी। टीचर ने छात्र को स्कूल में न घुसने देने की धमकी भी दी थी। शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन ने टीचर के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया।अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम- 2009 की धारा 17(1) स्कूलों में बच्चों पर शारीरिक दंड और मानसिक उत्पीड़न को प्रतिबंधित करता है। धारा 17(2) के तहत यह दंडनीय अपराध है। उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। सीबीएसई भी छात्रों पर शिक्षकों की हिंसा के खिलाफ सख्त रुख अपनाता है। भारत में बच्चों पर शारीरिक दंड की कोई वैधानिक परिभाषा तय नहीं है। आरटीई अधिनियम- 2009 के प्रावधानों के मुताबिक इसे शारीरिक, मानसिक उत्पीड़न और भेदभाव के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। स्कूल में बच्चे को मारना, लात मारना, खरोंचना, चुटकी काटना, बाल खींचना, कान पर मुक्का मारना, थप्पड़ मारना, बेंत से पीटना, छड़ी से पीटना, जूता, चाक, डस्टर, बेल्ट, चाबुक या किसी अन्य तरह से पीटना अपराध है। बच्चों को असहज स्थिति में लाना जैसे बेंच पर खड़ा करना, कुर्सी बनाना, दीवार के सहारे खड़ा करना, सिर पर स्कूल बैग रखकर खड़ा करना, पैरों से कान पकड़ना, घुटने टेकाना अपराध है। शिक्षक बच्चे को कक्षा, पुस्तकालय, शौचालय या स्कूल में किसी भी जगह बंद नहीं कर सकता है।

## संतरे की फसल पर आई बहार



**सौसर.** शहर के बस स्टैंड परिसर में इन दिनों गर्मी के मौसम में मिरग संतरे की बहार आ चुकी है जिसके चलते संतराप्रेमी बड़े पैमाने पर संतरा खरीदते नजर आ रहे हैं. गर्मी के दिनों में यह संतरा काफी मीठा माना जाता है. सौसर क्षेत्र के आसपास एवं पांढुर्णा जिले में संतरे का अधिक उत्पादन होता है. तथा इस संतरे की अन्य राज्यों और विदेशों में बड़ी मांग होती है.

## जिले में महिला सशक्तिकरण के लिए मजबूत कदम : सुधीर मुनगंटीवार

> स्व. सुषमा स्वराज कौशल विकास केंद्र के कार्यों का निरीक्षण



**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

स्व. सुषमा स्वराज कौशल विकास केन्द्र के निर्माण कार्य का सुधीर मुनगंटीवार ने निरीक्षण किया। इस केंद्र का निर्माण कार्य 20 मई तक पूरा हो जाएगा।

इस केंद्र में वातानुकूलित बैठक कक्ष, अत्याधुनिक कार्यशालाएं, ई-लाइब्रेरी और 100 महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र होगा। विधायक मुनगंटीवार ने इन सुविधाओं के लिए उचित योजना बनाने का सुझाव अधिकारियों को दिया।

निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा, मुकेश तांगले कार्यपालन अभियंता, भाजपा पदाधिकारी लाखनसिंह चंदेल, प्रज्ज्वलंत कडू, सूरज पेद्दुलवार, संजोग मेढे उप अभियंता, वैभव जोशी शाखा अभियंता, किशोर चिदरवार आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने सुझाव दिया कि वातानुकूलित हॉल में इनबिल्ट माइक्रोफोन और पोडियम होना चाहिए। पूरे केन्द्र में सीसीटीवी सुरक्षा व्यवस्था तथा शुद्ध पेयजल के लिए आरओ मशीन लगाई जाए।

महिलाओं के लिए ई-लाइब्रेरी और कार्यशाला सुविधाओं को और अधिक कुशल बनाया जाना चाहिए। अतिथि आवास की व्यवस्था स्थान की उपलब्धता के अनुसार की जानी चाहिए। केंद्र तक जाने वाली सड़क का काम तुरंत पूरा किया जाना चाहिए। ऐसे निर्देश दिये गये।

कौशल विकास केंद्र के उद्घाटन समारोह के लिए सुषमा स्वराज की बेटी से मुलाकात की। सुषमा स्वराज के परिवार से वकील. बसुरी स्वराज और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को विशेष निमंत्रण दिया जाना चाहिए।

यदि निर्माण के लिए अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता होगी तो शहरी विकास विभाग से अनुरोध किया जाएगा। विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण केंद्र महिलाओं के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनेगा।

## भागवत सप्ताह के समापन पर देवी चित्रलेखा का उपदेश



**सौसर.** ईश्वर सर्वव्यापी है लेकिन उसकी सच्चे मन से आराधना करने पर ही वह फल देता है यह उदगार मोहगांव हवेली में अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के प्रांगण में भागवत सप्ताह के अंतर्गत व्यास पीठ से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथाकार देवी चित्रलेखा ने व्यक्त किया. प्रारंभ में देवी चित्रलेखा ने अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना किया व्यास पीठ पर चित्रलेखा का स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने सब पत्नीक किया, कथाकार देवी चित्रलेखा ने आगे कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अनेक लीलाए की है, जिसका उल्लेख भागवत ग्रंथ ने किया है, भागवत का उपदेश सत्य पर चलो जिससे सब कुछ अच्छा होता है सभी जनों ने भागवत के अनुसार चलने पर उसकी अच्छी अनुभूति होती है कथा मंडप में बड़ी तादाद में महिला और पुरुष उपस्थित अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग संस्थान के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष धिरज माहेश्वरी सचीन ढोबले आदि ने आरती मे भाग लिया.

## आदमखोर बाघ को वन विभाग का संरक्षण

> किसानों को गंवानी पड़ रही जान
> वन-विभाग पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए सहायता दे
> आला अधिकारियों पर हो कार्रवाई - किसानों की मांग

**पारशिवनी.**



आदमखोर बाघ लगातार ग्रामीण किसानों को अपना शिकार बना रहा है जिसमें निरपराध किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है, वहीं बाघ ने पशुओं को भी शिकार बनाकर इलाके में दहशत पैदा कर किसानों का जीना दूभर कर दिया है।

पिछले महीने आदमख़ोर बाघ ने मजदुर पर हमला कर उसका शिकार किया, उस वक्त ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन और चक्का जाम कर वन विभाग से बाघ को पकड़ने का इंतजाम करने की मांग की थी। आंदोलन को देखते हुए वन विभाग ने समय को देखते हुए झुटा आश्वासन देकर ग्रामीणों को गुमराह करने का काम किया, फिर से इस तरह की जानलेवा घटना ना हो इसलिए वनविभाग के आला अधिकारी ने ठोस उपाय योजना ना करते हुए आदमखोर बाघ को भगाने के लिए स्थानीय वनकर्मियों को फटाके फोड़कर बाघ को भगाने के आदेश देकर खुद वातानुकूलित कार्यालय मैं बैठकर आदमखोर बाघ को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं।

जिस से बाघ रोज़ाना ग्रामीण क्षेत्र के गांव कस्बों, खेत-खलिहान में आकर किसानों को अपना शिकार बना रहा है। इस तरह की घटनाएं लगातार होते हुए पालक मंत्री, स्थनीय विधायक, (राज्यमंत्री), जिला कलेक्टर की ओर से इन घटनाओं को रोकने के लिए वन-विभाग के आला अधिकारी को बाघ को पकड़ने के लिए सख्त आदेश देने की जरूरत थी.

आदमखोर बांघ को पकड़ने के लिए अनेक बार आला अधिकारीयों की वनविभाग के अधिकारियों के साथ वार्तालाप हुई, फिर भी वन विभाग के अधिकारी के इस विषय में लापरवाही बरतने से घटनाओ में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। जब की लापरवाही बरतने वाले आला अधिकारी को लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल निलंबित किया गया होता तो आज वन विभाग के अधिकारी लापरवाही नहीं करते,और ना ही किसानों पर बाघ हमला करता, इसलिए वन विभाग के अधिकारियों पर कारवाई होना ज़रुरी था.

स्थानिक विधायक को इन घटनाओं की जानकारी होने के बाद भी समय रहते किसी प्रकार की बाघ को पकड़ने के लिए उचित उपाय वनविभाग द्वारा नही करने से विधायक भी इन घटनाओं को लेकर कितने चिंतित थे यह दिखाई दे रहा है। जब कि तत्काल वन विभाग को बाघ को पकड़ने के लिए ठोस उपाय करने के लिए वन विभाग के आलाधिकारी को आदेशित करने की जरुरत थी। इस घटना मैं लापरवाही बरतने वाले पर अधिकारी पर कारवाई होती तो आज जान लेवा घटनाएं नहीं होती।

आदमखोरों बाघ के हमले में शिकार हूये परिवारों को वन-विभाग की ओर सै २५ लाख रुपए आर्थिक सहायता प्रदान कि जाती हे ।जो पिडित किसानों के साथ नाइंसाफी की जाती है। हमले में शिकार हुए मूतक के परीवार को कम से कम एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी वनविभाग की और सै दि जानी चाहिए इस तरह की मांग कि जा रही है।

**दो किसानों के जान गंवाने के बाद वन विभाग आया हरकत मैं**

आदमखोर बाघ ने अभि तक तिन लोगों पर हमला किया जिस मैं दो किसानों को अपणी जान गंवानी पड़ी।तो एक जैसै तैसे बाघ की चुंगल सै बचने में कामयाब रहा। हो रही घटना सै वन-विभाग के आला अधिकारियों पर बड़ते दबाव सै पारशिवनी वन क्षेत्र में शनिवार सै आदमखोर बाघ को पकड़ने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं।

## कोयले से भरी 2 वैगन से निकला धुआं

**नागपुर.** अजनी रेलवे स्टेशन पर शनिवार को आउटर पर खड़ी कोयले की दो बोगियों से धुआं उठने लगा। आग की आशंका में फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी को बुलाया गया। लगभग 4 घंटे की मशक्कत के बाद 15 हजार लीटर पानी का उपयोग कर वैगन को शांत किया गया। हालांकि रेल प्रशासन के अनुसार यह मामूली बात है, जो अक्सर होती रहती है। यह कोई आग की घटना नहीं है। हाल ही में नागपुर रेलवे स्टेशन पर इसी तरह एक डीजल से भरे वैगन में आग लगने की घटना हुई थी, जिससे पूरा रेल प्रशासन सकते में आ गया था।

जानकारी के अनुसार अजनी पुल के नीचे कोयला भरे एक वैगन से धुआं उठने लगा। धुएं की मात्रा से आग लगने की आशंका बन रही थी। फायर ब्रिगेड को जानकारी दी गई। नरेन्द्र नगर अग्निशमन विभाग की ओर से एक गाड़ी को दोपहर 2.35 बजे यहां भेजा गया। 8 कर्मचारियों ने मिलकर कोयले की वैगन को ठंडा करने की कोशिश की, लेकिन वैगन से धुआं निकलना जारी रहा। आग बुझाने वालों के अनुसार, भीतर ही भीतर में आग सुलग रही थी।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 378-8 | 145-0 |
| श्रीदेवी नाईट | 660-2 | 129-2 |
| प्रभात | 679-2 | 237-2 |
| प्रभात नाईट | 355-3 | - |
| डायमंड | 456-5 | 379-9 |
| मेन बाजार | 360-9 | - |
| मिलन डे | 266-4 | 458-7 |
| मेन रतन | 124-7 | 249-5 |
| कल्याण | 447-5 | 269-7 |
| राजधानी डे | 268-6 | 690-5 |
| राजधानी नाईट | 357-5 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 468-8 | 148-3 |

## गौवंश तस्करी की अफवाह पर ग्रामीणों ने गाड़ी में लगाई आग

> इलाके में तनाव



**मुंबई.** अकोला जिले के कानशिवनी गांव में सोमवार रात करीब 9:15 बजे एक मालवाहक गाड़ी को लेकर गांव वालों का उग्र रूप सामने आया. गांव में अफवाह थी कि गाड़ी में गौवंश को हत्या के लिए ले जाया जा रहा है. ग्रामीणों ने शक के आधार पर कानशिवनी से येळवण की ओर जा रहे दो मालवाहक गाड़ियों का पीछा किया. इनमें से एक गाड़ी को ग्रामीणों ने रोक लिया, जबकि दूसरी गाड़ी भागने में कामयाब रही.

पकड़ी गाड़ी के ड्राइवर ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने की कोशिश की. स्थिति से गुस्साए ग्रामीणों ने उस गाड़ी में मौजूद मवेशियों को बाहर निकाल कर आग लगा दी. घटना की सूचना मिलते ही बोरगांव मंजू पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी.

पुलिस ने बताया कि गौवंश तस्करी के आरोप की सत्यता की जांच की जा रही है और फरार वाहन के चालक की तलाश जारी है. स्थानीय क्षेत्र में इस घटना के बाद काफी तनाव और आपसी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है. बोरगांव मंजू पुलिस के अधिकारियों ने ग्रामीणों से पूछताछ की और आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है.

पुलिस ने सभी से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि यदि तस्करी का मामला साबित होता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आगामी दिनों में अतिरिक्त सुरक्षात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है ताकि इस तरह के आपराधिक कृत्यों को रोका जा सके.



## इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन ने देवली में चेयर भेंट की

**सौसर.**

शहर से दूरदराज ग्राम देवली के आंगनवाड़ी में बच्चों को बैठने के लिए 10 चेयर भेंट दी गई, साथ ही बच्चों को बिस्किट पैकेट, चाकलेट और नमकीन पैकेट का वितरण किया, बच्चे चेयर और खाने पीने की चीजे पा कर बहुत खुश हुए, परिवार जन भी उपस्थित थे बच्चों को चेयर पर बैठे देख उनका भी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रत्ना ऊके (बोंद्रेकर) सहायिका शकुन सोमकुंवर , ग्राम के पंच सूर्यभान मश्राम के साथ आईवीओ टीम के वरिष्ठ वेटरन राजेश्वर परतेती साहब, आशीष ठाकरे साहब के साथ प्रदीप कलसकर जिला महासचिव आई.वी.ओ. पंच रोशन कुमारे, ज्योत्सना रावत आदि लोग उपस्थित रहे।

## आमधरे मुंबई कृषि उत्पन्न बाजार समिति के उपसभापति नियुक्त

**कामठी.**




मुंबई कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति (कृउबास) विनियम सभापति हुकुमचंद आमधरे उपसभापति पद पर चुने गए, उपसभापति बनने पर रणाला गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि हुकुमचंद आमधरे मुंबई कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति के उपसभापति के अलावा वे कामठी कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति के सभापति रह चुके हैं और वर्तमान में संचालक के पद पर हैं।

उन्होंने रणाला ग्राम पंचायत सरपंच का पांच बार पद संभालकर 25 वर्ष तक सरपंच पद का कार्यकाल पूरा किया है और वर्तमान में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के महासचिव पद भी विराजमान है। साथ ही वे कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं। उपरोक्त उपलब्धि प्राप्त किए जाने पर उपसभापति हुकुमचंद आमधरे का कामठी कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति के सचिव विकास बोबडे सहित कर्मचारियों ने अभिनंदन व्यक्त किया है।

## संदीप मोहोड़ ने किया वर्कशॉप का शुभारंभ

**सौसर.**



ओरेंजसिटी फोटोग्राफर एसोसिएशन और लकी स्टूडियो छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में देश की प्रतिष्ठित कैमरा कंपनी कैनन के एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कैनन कैमरा एक्सपर्ट हरभजन सिंहने फोटोग्राफर्स को कैनन कैमरों की अत्याधुनिक तकनीक और उनकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वर्कशॉप के दौरान एक्सपर्ट्स ने कैमरा सेटिंग्स, लेंस चयन, लो-लाइट फोटोग्राफी, पोर्ट्रेट शूटिंग, विडियोग्राफी और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने कैमरे की नई बरकियों (फीचर्स) जैसे ऑटोफोकस सिस्टम, हाई-रेजोल्यूशन सेंसर, फास्ट शटर स्पीड और विभिन्न शूटिंग मोड्स की व्याख्या करते हुए फोटोग्राफर्स के सवालों के जवाब भी दिए।

इस कार्यशाला में शहर के कई प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स और फोटो जर्नलिस्ट्स ने भाग लिया और कैमरा ऑपरेटिंग तकनीकों को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से समझा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की वर्कशॉप फोटोग्राफर्स को नए ट्रेंड्स और तकनीकों से अपडेट रखने में मदद करती हैं।

वर्कशॉप के सफल आयोजन पर ओरेंजसिटी फोटोग्राफर एसोसिएशन और लकी कलर लैब की ओर से प्रतिभागियों का स्वागत सत्कार भी किया गया गए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़, कैनन कंपनी के मेंटर हरभजन सिंह, लकी कलर लैब छिंदवाड़ा के संचालक लकी जैन, ऑरेंज सिटी फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक सुरेंद्र जैन,दिनेश धारपूरे, अध्यक्ष राजू शिंदे, उपाध्यक्ष शुभम हिवरकर, सचिव आदित्य दवंडे, कोषाध्यक्ष प्रशांत भकने, सहसचिव सचिन मारबते, संदीप दातरकर, राम राजपूत, शान धारपूरे, सुनील रंगारे, आदित्य वासाडे, हर्षल सहस्त्रबुद्धे, अमोल मुंगोले, विजय बागड़े, अमर गजभिए, हिमांशु हिंगवे, नरेश रुंगे सहित संगठन के समस्त पदाधिकारी, सदस्यगण सहित क्षेत्र के फोटोग्राफर मनोज जैवार, भूषण खंडाइत, आशु सरकडे, मनीष गुहे, निखिल मोरझरे, विवेक बोकड़े, प्रज्वल बिरकर, सुकेश सहारे, प्रभाकर चोपड़े एवं अन्य फोटोग्राफर उपस्थित रहे ।

## आज राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगा बौद्ध समाज

### भिक्खु संघ का महाबोधि विहार के लिए चल रहा आमरण आंदोलन

**सौसर.**

मंगलवार 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तहसील कार्यालय में सौसर प्रशासन को बुद्धगया के महाबोधि महाविहार को मुक्त करने की मांग को लेकर भारतीय बौद्ध महासभा सौसर, बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर, बुद्ध धम्म प्रचार समिति काजलवानी, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल, सुजाता महिला मंडल संजय नगर, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल,मुक्ताबाई साल्वे महिला मंडल, तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखीवाड़ा, आदि संस्थाओं से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा।

ज्ञापन के संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत,बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ एल ठवरे, बौध्द नवयुवक्र युवती परिचय सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश बागड़े ने बताया कि महाबोधि महाविहार बोधगया को मुक्ति के लिए देश विदेश से भिक्खू भिखुनी, शांतिपूर्ण रूप से 12 फरवरी से महाबोधि परिसर बोधगया में आंदोलन कर रहे है। सभी धर्म की पवित्र जगह उनके अनुवायीयों के पास है। महाबोधि महाविहार को भिक्खुओं को न सौप कर एक वर्ग विशेष ने अपने कब्जे में रखा है।

हजारों भिक्खु संघ ने यहां निरंतर 12 दिनों से आमरण आंदोलन किया है। केंद्र सरकार और बिहार सरकार ने रास्ता निकाल कर ऐतिहासिक फ़ैसला कर महाबोधि बोद्धगया महाविहार को बौध्द समाज या भिक्खू संघ को सौपना चाहिए, ज्ञापन में अधिक से अधिक संख्या में बौद्ध समाज के लोगों को उपस्थित होने की अपील की है।